**आज का दिन** 1918 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला का जन्म



31 अगस्त को खत्म हो रही है मोरेटोरियम अवधि, उसके बाद कर्ज नहीं चुका पाने के बढ़ सकते हैं मामले

# बैंकों का 20 लाख करोड़ हो सकता है एनपीए

**चुनौतियां**

नई दिल्ली | एजेंसी

कोरोना महामारी का असर बैंकिंग सेक्टर पर काफी बुरा होने वाला है। कोरोना और लॉकडाउन के चलते कंपनियों और आम लोगों की ओर से बैंकों के कर्ज चुकाने में समस्या आ सकती है। इसके चलते आने वाले महीनों में बैंकों का एनपीए (फंसा हुआ कर्ज) दोगुना हो कर 20 लाख करोड़ रुपये पहुंच सकता है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी चेताया है कि कोरोना से बैंकों के एनपीए में वृद्धि हो सकती है। यह बैंकिंग सेक्टर के लिए सबसे खतरनाक समय होने वाला है। इसको ऐसे समझ सकते हैं कि अगर 31 अगस्त के बाद मोरेटोरियम में चल रहे कुल लोन का पांचवां हिस्सा भी एनपीए हो जाता है तो बैंकों पर कुल एनपीए बढ़कर 20 लाख करोड़ पहुंच जाएगा। वहीं, रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के मुताबिक, समस्या को जितनी जल्दी पहचान लिया जाए, उतना अच्छा होगा।



### इस तरह और गहरा सकता है बैंकों का कर्ज संकट

अगर आने वाले महीनो में एनबीएफसी के स्तर पर कोई भी परेशानी होती है तो इसका सीधा असर बैंकों की सेहत पर होगा। इसको ऐसे समझ सकते हैं कि एनबीएफसी ने बैंकों से 8.04 लाख करोड़ का कर्ज लिया है। इस रकम को एनबीएफसी ने बाजार में कर्ज देने के लिए लगाया है। अब अगर एनबीएफसी का कर्ज फंसता है तो वह बैंकों की उधारी नहीं दे पाएंगे। ऐसे में बैंकों की वित्तीय सेहत प्रभावित होगी।

**बोझ**

**02** गुना हो सकता है बैंकों का एनपीए बढ़कर

**06** महीने में एनपीए में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की आशंका जाता रहे हैं विशेषज्ञ

### एनबीएफसी पर भी संकट

घरेलू रेटिंग एजेंसी इकरा की रिपोर्ट के अनुसार, एनबीएफसी की ओर से दिया गया 52 फीसदी लोन मई, 2020 से मोरेटोरियम में चल रहा है। अगर इनमें से 10 फीसदी लोन भी डिफॉल्ट श्रेणी में जाता है तो एनबीएफसी का कुल एनपीए भी दोगुना हो कर मार्च, 2021 तक 9.6 फीसदी पर पहुंच जाएगा। मार्च, 2020 में एनबीएफसी का कुल एनपीए 4.6 फीसदी पर था।

**कॉरपोरेट बांड में निवेश बढ़ाया**

भारतीय बैंकों ने हाल के दिनों में कंपनियों के कॉरपोरेट बांड में निवेश तेजी से बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि महामारी के दौरान कंपनियों को वित्त मदद देने के उद्देश्य से उठाए गए नीतिगत उपाय काम कर रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बैंकों द्वारा कॉरपोरेट बॉन्ड और वाणिज्यिक पत्र की कुल होल्डिंग मई के अंत में लगभग सात लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। केंद्रीय बैंक ने मार्च में बैंकों को 50 अरब डॉलर का आपातकालीन फंड दिया था।

## देश में छोटे एनबीएफसी ने नया कर्ज देना बंद किया

नई दिल्ली | सौरभ शुक्ल

कोरोना महामारी से बिगड़े हालात के चलते छोटे और मझोले गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थानों यानी एनबीएफसी ने अब नया कर्ज देना बंद कर दिया है। इनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में उन्हें सरकारी मदद का कोई फायदा ना मिलने से और बैंक से लिए कर्ज मोरेटोरियम में आ रही मुश्किलों के चलते बड़े पैमाने पर रकम भी फंस गई है और नई रकम की व्यवस्था बेहद मुश्किल होती जा रही है। यही वजह है कि कारोबार की ये हालत हुई।

एनबीएफसी के संगठन फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल यानी एफआईडीसी के को-चेयरमैन रमन अग्रवाल ने हिन्दुस्तान को बताया है कि आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत सरकार के ऐलान के बाद बैंकों ने बांड खरीद के जरिए एनबीएफसी का नकदी संकट दूर करने की कोशिश की है लेकिन इसका फायदा सिर्फ बड़ी एनबीएफसी को ही मिला है। कुल कर्ज में बड़ी एनबीएफसी कंपनियां कर्ज भले ही ज्यादा देती हैं लेकिन कुल कारोबार में उनके हिस्से 10 फीसदी ग्राहक ही हैं। बाकी 90 फीसदी कर्ज छोटी और मझोली एनबीएफसी ही देती हैं।

### ग्राहकों ने ईएमआई रोका

एनबीएफसी कंपनियां कर्ज चुकाने की क्षमता और जुड़ा हुआ रिस्क देखते हुए ऊंची ब्याज दर पर ग्राहकों को कर्ज देती हैं। इस कर्ज को फाइनेंस करने के लिए यह कंपनियां बैंक से ही टर्म लोन लेती हैं। मोरेटोरियम के ऐलान के बाद से ग्राहकों ने ईएमआई देनी बंद कर रखी हैं। वहीं बैंकों की तरफ से जो कर्ज इन लोगों ने लिया है उसपर ये राहत नहीं मिली है।

## बिजनेस आपतक

### जेएलआर का 15 लाख उत्पादन का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी इनजेनियम इंजन रेंज के लिए 15 लाख उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। ब्रिटेन के वॉल्वरहेम्प्टन स्थित उसके इंजन विनिर्माण संयंत्र में इनजेनियम पावरट्रेन का उत्पादन होता है, जिसका इस्तेमाल सभी जेएलआर मॉडलों में होता है। इसे ब्रिटेन में ही विकसित किया गया है और यह बेहतर ईंधन कार्यकुशलता तथा कम उत्सर्जन जैसी खूबियों से लैस है। जेएलआर पावरट्रेन आपरेशंस लॉच निदेशक केन क्लोस ने कहा कि क्लीनर- रनिंग वाहन की हमें अप्रत्याशित मांग मिल रही है।

### भारत में कारोबार का विस्तार करेगा वजीर ग्रुप

**नई दिल्ली।** दुबई के इमिग्रेशन कंसल्टेंट वजीर ग्रुप ने भारत में कारोबार विस्तार की योजना बनाते हुए दिल्ली में स्थानीय कायार्लय शुरू करने की घोषणा की है। ग्रुप महत्वाकांक्षी लोगों को कनाडियन फॉरेन वर्कर प्रोग्राम से जोड़ेगा।

### ग्रैनुएल्स इंडिया का लाभ 34 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** दवा बनाने वाली कंपनी ग्रैनुएल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में 33.87 प्रतिशत बढ़कर 111.44 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि इसकी मुख्य वजह शानदार बिक्री है।

### ओरिएंट ने स्वच्छता उत्पाद के क्षेत्र में प्रवेश किया

**नई दिल्ली।** ओरिएंट इलेक्ट्रिक ने शुक्रवार को कहा कि उसने बॉक्स के आकार का सेनेटाइजेशन चैंबर यूवी सैनटेक की पेशकश के साथ स्वच्छता उत्पादों के क्षेत्र में प्रवेश किया है, जो कोरोना के मद्देनजर एक व्यवसायिक अवसर है।

### नोब्रोकर की 300 पेशेवरों की नियुक्ति की योजना

**मुंबई।** प्रॉपर्टी पोर्टल नोब्रोकर की अपने कारोबार को मजबूत करने के लिए 300 पेशेवरों की नियुक्ति की योजना है। कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उसका इरादा सभी क्षेत्रों कारोबार, विपणन और प्रौद्योगिकी में पेशेवरों की नियुक्ति करने का है।

### मुंबई में भी डीजल 16 पैसे बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बाद अब मुंबई में भी डीजल की कीमत ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है। इंडियन ऑयल के अनुसार, मुंबई में शुक्रवार को डीजल 16 पैसे महंगा होकर 79.56 रुपये प्रति लीटर बिका जो अब तक का उच्चतम भाव है। दिल्ली में डीजल 17 पैसे बढ़कर 81.35 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं पेट्रोल 80.43 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमत क्रमशः 82.10 रुपये, 87.19 रुपये और 83.63 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रही।

### ब्रिटानिया का लाभ दो गुना से अधिक बढ़ा

**नई दिल्ली।** खाद्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज को 30 जून को समाप्त चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में एकीकृत आधार पर 543 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। पिछले साल की तुलना में दो गुना से अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

## कोरोना से 20% नौकरियां घटने की आशंका: फिक्की

नई दिल्ली | एजेंसी

कोरोना संकट काल से रोजगार पर सबसे अधिक मार पड़ने जा रही है। अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए लॉकडाउन में राहत के बावजूद भी कंपनियों को समाजिक दूरी का ध्यान रखते हुए काम करना पड़ रहा है। ऐसे में वह नई तकनीक अपनाने पर मजबूर होंगी। इससे भारत में कम से कम 20 फीसदी नौकरियां घट सकती हैं।

उद्योग मंडल फिक्की ने एक रिपोर्ट में कहा कि सबसे अधिक मुश्किल विनिर्माण और वाहन क्षेत्र के लिए होगी। सूचना प्रौद्योगिक संस्था नैस्कॉम और वित्तीय शोध संस्था अर्नेस्ट एंड यंग के साथ मिलकर फिक्की यह रिपोर्ट तैयार की है। इसमें कहा गया है कि इस बदलाव में सबसे बड़ी चुनौती श्रम प्रधान क्षेत्र के लिए होगी।

### बिना वेतन छुट्टी से लाभ: एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया ने कहा है कि उसकी वित्तीय स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है और बिना वेतन अवकाश (एलडब्ल्यूपी) योजना कर्मचारियों और प्रबंधन दोनों के लिए लाभ की स्थिति है।

एयर इंडिया के मुताबिक यह योजना मुख्य रूप से स्वैच्छिक आधार पर कर्मचारियों को एलडब्ल्यूपी पर भेजने से संबंधित है। छांटे गए कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से पांच साल के लिए बिना वेतन अवकाश पर भेजा जाएगा।

## भारत-अमेरिका में पेट्रोलियम करार

नई दिल्ली | एजेंसी

**रणनीति**

- भारत की ओर से तेल मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हस्ताक्षर किया
- दोनों देश एक दूसरे के तेल भंडार का इस्तेमाल कर पाएंगे



भारत और अमेरिका ने पेट्रोलियम भंडारण के लिए अहम समझौता (एमओयू) किया। इसके तहत दोनों देश जरूरत पड़ने पर एक दूसरे के तेल भंडार का इस्तेमाल कर पाएंगे।

इस एमओयू पर अमेरिकी ऊर्जा सचिव डैन ब्रोइलेट और तेल मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर प्रधान ने कहा कि भारत क्रूड ऑयल का भंडारण अमेरिका में करने की संभावना तलाश रहा है। इस समझौता के बारे में ब्रूइलेट ने कहा, हम रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार पर भी सहयोग करना शुरू कर रहे हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में कमी के प्रभाव को कम करने के लिए अमेरिका के स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व में 714 मिलियन बैरल तेल भंडारण क्षमता है। वहीं, भारत के पास 38 मिलियन बैरल भंडारण करने की क्षमता है। भारत तेल आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए तेल भंडारण बढ़ाना चाहता है।

## भारत में सबसे ज्यादा लोग गरीबी से बाहर

संयुक्त राष्ट्र | एजेंसी

**रिपोर्ट**

- 2005-06 से 2015-16 तक देश में 27.3 करोड़ गरीब कम हुए
- 65 देशों में 2000 से 2019 के बीच गरीबी स्तर में कमी आई

भारत में 2005-06 से लेकर 2015-16 के दौरान 27.3 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकले हैं। यह इस दौरान किसी भी देश में गरीबों की संख्या में सर्वाधिक कमी है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 75 में से 65 देशों में 2000 से 2019 के बीच बहुआयामी गरीबी स्तर में काफी कमी आई है। बहुआयामी गरीबी दैनिक जीवन में गरीब लोगों द्वारा अनुभव किये जाने वाले विभिन्न अभावों को समाहित करती है- जैसे कि खराब स्वास्थ्य, शिक्षा की कमी, जीवन स्तर में अपर्याप्तता, काम की खराब गुणवत्ता, हिंसा का खतरा, और ऐसे क्षेत्रों में रहना जो पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। इन 65 देशों में से 50 ने भी गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या को कम किया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे बड़ी कमी भारत में आई, जहां 27.3 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठने में कामयाब रहे। रिपोर्ट में कहा गया है कि चार देशों- आर्मेनिया (2010-15/16), भारत (2005/15/16), निकारागुआ (2001-11/12), उत्तर मैसेडोनिया (2005/2014) ने अपने वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई ) को आधा कर दिया।

**14 देशों ने बेहतरीन काम किया :** रिपोर्ट में कहा गया, चौदह देशों ने अपने सभी उप-प्रादेशिक क्षेत्रों में बहुआयामी गरीबी कम की। इनमें बांग्लादेश, बोलीविया, किंगडम ऑफ एसावातिनी, गैबॉन, गाम्बिया, गुयाना, भारत, लाइबेरिया, मोजाम्बिक, नाइजर, निकाराबुआ, नेपाल, माली और रवांडा।

हालांकि आशंका व्यक्त की गई कि गरीबी के मोर्चे पर हुई प्रगति पर कोरोना वायरस महामारी का प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

## रोशनी नाडर एचसीएल टेक की चेयरपर्सन बनीं

नई दिल्ली | एजेंसी



देश की सबसे अमीर महिला रोशनी नाडर मल्होत्रा शुक्रवार को किसी सूचीबद्ध भारतीय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) कंपनी की प्रमुख बनने वाली पहली महिला बन गईं।उन्होंने अपने पिता और अरबपति उद्यमी शिव नाडर से 8.9 अरब डॉलर की कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन का पदभार संभाला।

रोशनी एक प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार भी हैं। वह 2013 में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के निदेशक मंडल में शामिल हुईं और वाइस चेयरपर्सन थीं। वह समूह की सभी संस्थाओं की होल्डिंग कंपनी एचसीएल कॉर्पोरेशन की सीईओ के पद पर बनी रहेंगी। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने संस्थापक एवं अध्यक्ष शिव नाडर के पद से हटने की शुक्रवार को घोषणा की। हालांकि, शिव नाडर मुख्य रणनीति अधिकारी के पद के साथ कंपनी के प्रबंध निदेशक बने रहेंगे।

## सेंसेक्स 37 हजार के पार, निफ्टी में भी उछाल

मुंबई | एजेंसी

**तेजी**

- बीएसई का सेंसेक्स 548 अंक उछलकर 37,020 अंक पर बंद
- एनएसई का निफ्टी162 अंक मजबूत होकर 10,902 पर बंद



बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 548 अंक उछलकर 37,000 अंक के स्तर को लांघकर 37,020 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, आईसीआई बैंक और एचयूल में अच्छी तेजी के साथ बाजार में यह उछाल दर्ज किया गया।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरू से ही बढ़त में रहा और अंत में 548 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की जोरदार तेजी के साथ 37,020 अंक के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 162 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की उछाल भरता हुआ 10,902 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में ओएनजीसी रही। इसमें 5.52 प्रतिशत की तेजी आई। इसके बाद टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

दूसरी तरफ टीसीएस, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और एक्सिस बैंक में गिरावट दर्ज की गई। बीएसई में कुल 2,799 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,645 में लिवाली और 998 में बिकवाली का जोर रहा। जबकि शेष 156 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए।

कारोबारियों के अनुसार वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ सूचकांक में अच्छी हिस्सेदारी रखने वाले शेयर केंद्रित लिवाली से बाजार में मजबूती आई। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने खूब पैसा लगाया। बीएसई का मिडकैप 1.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 13,531 अंक पर स्मॉलकैप 1.11 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 12,782 पर बंद हुआ।

अधिकतर प्रमुख एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा .97 प्रतिशत टूटकर 42.95 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश घटा

**नई दिल्ली।** निवेशकों ने जून में समाप्त तिमाही के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 11,710 करोड़ का निवेश किया। यह मार्च तिमाही की तुलना में 62 प्रतिशत कम है।

गिरावट का कारण कोरोना से बाजार की अस्थिरता और अनिश्चित आर्थिक माहौल है। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स के आंकड़ों के मुताबिक, जून अंत में इक्विटी म्यूचुअल फंड का संपत्ति आधार 5.78 लाख करोड़ पहुंच गया। जून में समाप्त तिमाही में इक्विटी और इक्विटी-लिंक्ड योजनाओं में निवेश 11,710 करोड़ रुपये रहा।

### एक यात्री के लिए दो सीटों की बुकिंग

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने शुक्रवार को एक ऐसी योजना शुरुआत की, जिसके तहत कोरोना महामारी के बीच अतिरिक्त सुरक्षा सुनिश्चित करने को लोग अब एक यात्री दो सीटें बुक करा सकता है। अतिरिक्त सीट के लिए शुल्क मूल बुकिंग लागत का 25% तक देना होगा। यह पेशकश 24 जुलाई से प्रभावी है।

### राज्यों की बाजार उधारी 76% बढ़ी

**मुंबई।** कोरोना के चलते भारी राजस्व हानि से जूझ रहे राज्यों की बाजार उधारी चालू वित्त वर्ष में अब तक 76 प्रतिशत बढ़कर 1.93 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

केयर रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना से राज्यों के आय-व्यय में आए भारी अंतर को पूरा करने के लिए केंद्र द्वारा उधारी नियमों को आसान बनाने से राज्यों की बाजार उधारी बढ़ी है।


**HCL TECHNOLOGIES LIMITED**

Corporate Identity Number: L74140DL1991PLC046369
Registered Office: 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi-110 019
Corporate Office: Plot No. 3A, Sector-126, Noida-201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telefax: +91 11 26436336

**Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS:** (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 June 2020 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2020 (Audited) | Three months ended 30 June 2019 (Unaudited) |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 17,842 | 70,676 | 16,427 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 3,862 | 13,980 | 2,931 |
| Net profit for the period before tax | 3,862 | 13,980 | 2,931 |
| Net profit for the period after tax | 2,935 | 11,057 | 2,230 |
| Net profit for the period after tax and non-controlling interest | 2,931 | 11,057 | 2,230 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax) | 3,235 | 11,525 | 2,175 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 271 |
| Other equity | | 50,724 | |
| **Earnings per equity share (of ₹ 2/- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)** | | | |
| Basic (in ₹) | 10.80 | 40.75 | 8.22 |
| Diluted (in ₹) | 10.80 | 40.75 | 8.22 |

**Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS:** (₹ in crores)

| Particulars | Three months ended 30 June 2020 (Unaudited) | Previous year ended 31 March 2020 (Audited) Refer note 4 | Three months ended 30 June 2019 (Unaudited) Refer note 4 |
|---|---|---|---|
| Total income from operations | 8,362 | 32,666 | 6,786 |
| Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items | 3,075 | 11,178 | 2,314 |
| Net profit for the period before tax | 3,075 | 11,178 | 2,314 |
| Net profit for the period after tax | 2,360 | 8,969 | 1,791 |
| Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 2,512 | 8,483 | 1,785 |
| Equity share capital (par value ₹ 2 each) | 543 | 543 | 271 |
| Other equity | | 37,003 | |
| **Earnings per equity share (of ₹ 2/- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)** | | | |
| Basic (in ₹) | 8.70 | 33.06 | 6.60 |
| Diluted (in ₹) | 8.70 | 33.05 | 6.60 |

**Notes :**

1.The consolidated and the standalone financial results for the quarter ended 30 June 2020 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 17 July 2020. The statutory auditors have issued review report with unmodified opinion on these results.

2.The Board of Directors at its meeting held on 17 July 2020 has declared an interim dividend of ₹ 2 /- per share.

3.Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.

4.The Hon'ble National Company Law Tribunal of New Delhi and Bengaluru have approved the Scheme of Amalgamation providing for the merger of four direct /step-down wholly-owned subsidiaries engaged in providing IT and IT related services viz. HCL Eagle Limited, HCL Comnet Limited, HCL Technologies Solutions Limited and Concept2Silicon Systems Private Limited (the "Transferor companies") with and into HCL Technologies Limited (the "Transferee company") with effect from 01 April 2019, the appointed date. The scheme has become effective on 13 July 2020 on filling of the certified true copy of the Orders of the Delhi and the Bengaluru NCLT with the Registrar of Companies on 13 March 2020 and 13 July 2020 respectively.

Since the Transferor Companies are the wholly-owned subsidiaries of the Transferee Company, there will be no issue and allotment of shares as consideration. The difference between the amounts recorded as investments of the Company (Transferee Company) and the amount of share capital of the aforesaid amalgamating subsidiaries (Transferor Companies) has been adjusted in the Common Control Transaction Capital Reserve in accordance with the guidance under Appendix C of IND AS 103 "Business Combinations". Accordingly, the comparative results have been restated to give effect of the Scheme.

The impact of the scheme is not material on the standalone financial results of the company.

5.In view of pandemic relating to COVID-19, the group has considered and taken into account internal and external information and has performed sensitivity analysis based on current estimates in assessing the recoverability of receivables, unbilled receivables, goodwill, intangible assets, other financial assets, impact on revenues and costs, impact on leases and effectiveness of its hedging relationships. However, the actual impact of COVID-19 on the Group's financial statements may differ from that estimated and the Group will continue to closely monitor any material changes to future economic conditions.

6.The above is an extract of the detailed format of quarterly/annual financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly/annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com.

**By the order of the Board of Directors for HCL Technologies Limited**

**Shiv Nadar** Chairman and Chief Strategy Officer
**C. Vijayakumar** President and Chief Executive Officer
**Prateek Aggarwal** Chief Financial Officer

Place: Noida (UP), India
Date: 17 July 2020

HCL



archies — The most special way to say you care
Visit us at: www.archiesonline.com

**ARCHIES LIMITED**
C-113, NARAINA INDUSTRIAL AREA, PHASE-I, NEW DELHI-110 028. TEL.: 41412222. FAX: 41410060.
REGD. OFFICE: 191F, SECTOR - 4, IMT MANESAR, GURUGRAM, HARYANA -122050. CIN: L36999HR1990PLC041175,
Web: www.archiesonline.com, Email: archies@archiesonline.com, Tel: +91 124 4966666, Fax: +91 124 4966650

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31 MARCH 2020** (₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31/03/2020 AUDITED | Quarter Ended 31/12/2019 UNAUDITED | Quarter Ended 31/03/2019 AUDITED | Year Ended 31/03/2020 AUDITED | Year Ended 31/03/2019 AUDITED |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 3061.04 | 4149.62 | 4043.53 | 13931.79 | 16136.44 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (before Exceptional and/or Extraordinary items) | (150.06) | (204.68) | (83.44) | (1021.91) | 72.67 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (150.06) | (204.68) | (83.44) | (1021.91) | 72.67 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 261.59 | (505.94) | (34.63) | (717.58) | 72.61 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 195.62 | (508.01) | (63.09) | (791.28) | 46.08 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 2/- each) | 675.62 | 675.62 | 675.62 | 675.62 | 675.62 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 9,022.86 | 9,814.14 |
| 8 | Earning Per Share (of ₹ 2/- each) | | | | | |
| | (a) Basic (₹) | 0.77 | (1.50) | (0.11) | (2.12) | 0.21 |
| | (b) Diluted (₹) | 0.77 | (1.50) | (0.11) | (2.12) | 0.21 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Year ended Audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Year ended Audited Financial Results are available on the Stock Exchange websites viz www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.archiesonline.com.

Date: 17 July 2020
Place: New Delhi

FOR AND ON BEHALF OF THE BOARD
sd/-
ANIL MOOLCHANDANI
(Chairman and Executive Director)
DIN- 00022693